Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 23 दिसंबर 2023 को विकसित भारत 2047 हेतु राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज में एक स्पीच कंपटीशन कराया गया

आज दिनांक 23 दिसंबर 2023 को विकसित भारत 2047 हेतु राजकीय इंजी कालेज कन्नौज में एक स्पीच कंपटीशन कराया गया जिसमें संस्थान के शिक्षक गण एवं छात्र–छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के **कुलसचिव बी0डी0के0 पात्रों** एवं **डॉ अरुण सिंह** द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया उनके द्वारा बताया गया भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की क्या योजना बनाई जा सकती है और युवा अपना योगदान कैसे दे सकते हैं सभी छात्र–छात्राओं ने अपने विचारों को प्रस्तुत किया। जिसमें कि उन्होंने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, नारी शक्ति को बढ़ावा देने, व्यवसाय में बढ़ोतरी, कूटनीति के स्तर पर भारत की जीत संयुक्त राष्ट्र में भारत की अस्थाई सदस्यता बिजली पानी शिक्षा एवं स्वास्थ्य इत्यादि विषयों पर अपने विचार रखें प्रतिभाग किए गए छात्र–छात्राओं में तृतीय स्थान में दो छात्रों ने साझा किया ओवैस और प्रशांत द्वितीय स्थान पर श्रुति सेठ एवं प्रथम स्थान पर दो छात्र–छात्राएं नम्रता यादव, रामशंकर मिश्रा ने साझा किया सभी परिणाम हमारे निर्णायक पैनल द्वारा निर्धारित किए गए जिसमें निर्णायक संस्थान के कुल सचिव डॉक्टर बी0डी0के0 पात्रों एवं डॉ0 अरुण कुमार सिंह अधिष्ठाता शैक्षिक, सिविल इंजिनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष ऋषभ कश्यप, एप्लाइड साइंस के विभाग के विभागाध्यक्ष आकाश अग्रवाल एवं राजीव कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा किया गया, जिसमें संस्थान के समस्त शिक्षकगण छात्र–छात्राएं एवं नॉन टीचिंग कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज